# 932 825(JF)

# 2018

# सामाजिक विज्ञान

## केवल प्रश्नपत्र

**(ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, पर्यावरणीय अध्ययन, नागरिक जीवन एवं आर्थिक विकास)**

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 70**

**निर्देश** – प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**निर्देश :**

(i) यह प्रश्नपत्र दो खण्डों "क" एवं "ख" में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के सभी प्रश्न एक साथ हल करना आवश्यक है। प्रत्येक खण्ड का उत्तर नए पृष्ठ से प्रारम्भ किया जाए।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।



Scanned with CamScanner

(iii) प्रश्नपत्र में चार प्रकार के प्रश्न हैं – बहुविकल्पीय, अति लघु–उत्तरीय, लघु–उत्तरीय व विस्तृत–उत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिए गए हैं ।

(iv) "क" तथा "ख" खण्डों हेतु दिए गए मानचित्रों को उत्तर–पुस्तिका में मजबूती के साथ संलग्न करना आवश्यक है ।

(v) दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र–कार्य के स्थान पर अलग से खण्ड "क" में प्रश्न संख्या 14 तथा खण्ड "ख" में प्रश्न संख्या 28 के उत्तर लिखने के लिए दिए गए हैं ।

## खण्ड – "क"

### (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :

1. द्वितीय विश्व युद्ध में अणु बम किस देश पर गिराया गया था ? 1

   (क) जापान (ख) जर्मनी

   (ग) कोरिया (घ) इटली

2. लीग ऑफ नेशन्स की स्थापना से निम्नलिखित में से कौन सम्बन्धित था ? 1

   (क) बिस्मार्क (ख) लेनिन

   (ग) वुडरो विल्सन (घ) लॉयड जॉर्ज

3. समुद्री मार्ग से भारत भूमि पर पदार्पण करने वाला प्रथम व्यक्ति यूरोप के किस देश का निवासी था ? 1

   (क) इंग्लैण्ड (ख) फ्रांस

   (ग) डेनमार्क (घ) पुर्तगाल

4. भारत में गोद निषेध का सिद्धान्त किसने लागू किया था ? 1

   (क) लॉर्ड डलहौजी (ख) लॉर्ड बैंटिंक

   (ग) लॉर्ड कैनिंग (घ) लॉर्ड मिन्टो



Scanned with CamScanner

5. उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश अधिकतम कितनी आयु तक अपने पद पर कार्य कर सकता है ? 1

(क) 60 वर्ष (ख) 62 वर्ष

(ग) 65 वर्ष (घ) 67 वर्ष

6. दिल्ली में पहली लोक अदालत किस वर्ष गठित की गई थी ? 1

(क) 1985 (ख) 1986

(ग) 1987 (घ) 1988

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

7. प्लासी का युद्ध कब और किसके बीच हुआ था ? 1 + 1

8. भारत के दो संस्थानों के नाम लिखिये जहाँ सैन्य अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। 1 + 1

9. भारत की आन्तरिक सुरक्षा को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है ? किन्हीं दो का उल्लेख कीजिए। 1 + 1

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

10. सूरत के अधिवेशन में इन्डियन नेशनल काँग्रेस किन दो दलों में विभाजित हो गई और क्यों ? दोनों दलों में से प्रत्येक के एक-एक नेता के नाम लिखिये। 2 + ½ + ½

अथवा

अलीगढ़ आन्दोलन का क्या उद्देश्य था ? इसके मुख्य प्रवर्तक कौन थे ? उनके किसी एक महत्त्वपूर्ण योगदान का उल्लेख कीजिए। 1 + 1 + 1



Scanned with CamScanner

11\. (क) भारत के उत्तर-पूर्वी तथा उत्तर-पश्चिमी सीमा पर स्थित देशों के नाम लिखिये।

(ख) सुदूर दक्षिणी सीमा पर कौन सा देश स्थित है ?

(ग) उन दो द्वीप समूहों के नाम लिखिये जो भारत संघ के अभिन्न अंग हैं। 1 + 1 + 1

अथवा

संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा समिति में कुल कितने सदस्य देश हैं ? उसके स्थायी सदस्य-देशों के नाम लिखिये। इन स्थायी सदस्यों को कौन सा विशेष अधिकार प्राप्त है ? 1 + 1 + 1

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

12\. अमरीकावासी इंग्लैण्ड से क्यों सम्बन्ध विच्छेद करना चाहते थे ? उनके असन्तोष के तीन कारण लिखिये। 2 + 2 + 2

अथवा

राष्ट्रवाद से क्या तात्पर्य है ? यूरोप में राष्ट्रवाद के उदय होने में कौन सी परिस्थितियाँ सहायक हुईं ? उनमें से किन्हीं दो को समझाकर लिखिये। 2 + 2 + 2

13\. क्या भारत के उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने के लिये संसद का सदस्य होना अनिवार्य है ? इस पद के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिये ? इसके निर्वाचन की प्रक्रिया समझाइये। 1 + 1 + 4

अथवा

लोक सभा का गठन कैसे होता है ? उसके सदस्यों की अर्हता, निर्वाचन विधि तथा कार्यकाल पर प्रकाश डालिये। 2 + 2 + 2



Scanned with CamScanner

## (मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न)

**निर्देश :** भारत के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित दर्शाइए । सही नाम तथा सही अंकन के लिये $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$ अंक निर्धारित है ।

14. (i) वह नगर जहाँ पंडित मदनमोहन मालवीय का जन्म हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(ii) वह नगर जहाँ आज़ाद हिन्द फौज के सैनिकों पर मुकदमा चला था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iii) वह नगर जहाँ क्रान्तिकारी शचीन्द्र सान्याल ने हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसियेशन की स्थापना की थी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(iv) वह नगर जहाँ रामकृष्ण मिशन की स्थापना हुई थी । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

(v) वह नगर जहाँ डॉक्टर अम्बेडकर और गाँधीजी का समझौता हुआ था । $\frac{1}{2}+\frac{1}{2}$

**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प स्वरूप)**

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिये । मानचित्र का प्रयोग न कीजिये ।

14. (i) पं. मदनमोहन मालवीय का जन्म कहाँ हुआ था ? 1

(ii) आज़ाद हिन्द फौज के सैनिकों पर किस नगर में मुकदमा चलाया गया था ? 1

(iii) क्रान्तिकारी शचीन्द्र सान्याल ने किस नगर में हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसियेशन की स्थापना की थी ? 1

(iv) रामकृष्ण मिशन की स्थापना किस नगर में हुई थी ? 1

(v) डॉ. अम्बेडकर और गाँधीजी का समझौता किस नगर में हुआ था ? 1



Scanned with CamScanner

## खण्ड – "ख"

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

**निर्देश :** निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

15. कोसी नदी बहती है 1

(क) बिहार में (ख) झारखण्ड में

(ग) राजस्थान में (घ) मध्य प्रदेश में

16. निम्न में से कौन सी नदी पूर्व से पश्चिम की ओर बहती है ? 1

(क) महानदी (ख) गोदावरी

(ग) तुंगभद्रा (घ) नर्मदा

17. निम्न में कौन सा राज्य कपास का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है ? 1

(क) गुजरात (ख) उत्तर प्रदेश

(ग) पंजाब (घ) बिहार

18. 'चूड़ी का बाजार' है – 1

(क) स्थानीय (ख) प्रादेशिक

(ग) राष्ट्रीय (घ) अन्तर्राष्ट्रीय

19. भूराजस्व निम्नलिखित में से किसके आय का साधन है ? 1

(क) केन्द्रीय सरकार (ख) राज्य सरकार

(ग) नगर निगम (घ) ग्राम पंचायत

20. निम्न में से कौन प्राकृतिक उपहार है ? 1

(क) श्रम (ख) पूँजी

(ग) भूमि (घ) संगठन



Scanned with CamScanner

## (अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

21. भारत के किन्हीं दो ताँबा उत्पादक राज्यों के नाम बताइए । 1 + 1

22. विश्व के किन्हीं चार विकसित देशों के नाम बताइए । ½+½+½+½

23. भारत में आर्थिक नियोजन के कोई दो उद्देश्य बताइए । 1 + 1

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

24. कोयले का संरक्षण क्यों आवश्यक है ? तीन कारण बताइए । 1+1+1

अथवा

भारत का उत्तरी मैदानी क्षेत्र घना क्यों बसा है ? कोई तीन कारण बताइए । 1 + 1 + 1

25. केन्द्रीय सरकार की आय के कोई तीन स्रोतों को बताइए । 1 + 1 + 1

अथवा

मजदूरी को परिभाषित कीजिए तथा उसके प्रकारों को बताइए । 1 + 2

## (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

26. भारत में सूती वस्त्र उद्योग के स्थानीयकरण के तीन कारकों का वर्णन कीजिए तथा वितरण बताइए । 1 + 1 + 1 + 3

अथवा

संचार सेवाओं का अर्थ, प्रकार तथा महत्त्व बताइए । 1 + 2 + 3



Scanned with CamScanner

27. भारत में भूमि सुधार के तीन उद्देश्य तथा कार्यक्रमों पर प्रकाश डालिए। 1 + 1 + 1 + 3

**अथवा**

हरित क्रान्ति से आप क्या समझते हैं ? भारत में हरित क्रान्ति को सफल बनाने के लिए चार सुझाव दीजिए। 2 + 1 + 1 + 1 + 1

## (मानचित्र कार्य)

**निर्देश** – दिये गये भारत के मानचित्र में निम्नलिखित को दर्शाइए :

28. (i) कृष्णा नदी  चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½
    (ii) एक जूट उत्पादक क्षेत्र  चिह्न द्वारा। 1
    (iii) रायपुर नगर ● चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½
    (iv) कागज उद्योग का एक केन्द्र ⊙ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½
    (v) चिल्का झील ⬭ चिह्न द्वारा नाम सहित। ½ + ½

## (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र कार्य के विकल्प के रूप में)

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए। मानचित्र का प्रयोग न कीजिए।

28. (i) भारत की किन्हीं दो पर्वत श्रेणियों के नाम लिखिए। ½ + ½
    (ii) गुजरात राज्य की राजधानी का नाम लिखिए। 1
    (iii) सीमेण्ट उद्योग के दो केन्द्रों के नाम लिखिए। ½ + ½
    (iv) जूट उत्पादक एक राज्य का नाम लिखिए। 1
    (v) उत्तराखण्ड के एक पर्यटन केन्द्र का नाम लिखिए। 1



Scanned with CamScanner